Title: Need to set up high power T.V. transmitter at 'Khada Patthar' in Shimla Parliamentary Constituency, Himachal Pradesh.

कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ.धनी राम शांडिल्य (शिमला) : सभापति महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र में शिमला-दूरदर्शन केन्द्र का आधुनिकीकरण हुआ तो है, परंतु इसका लाभ स्थानीय जनता तक ही सीमित रहा है। वस्तु-स्थिति इस प्रकार है कि शिमला केन्द्र द्वारा प्रसारित कार्यक्रम का अवलोकन दुर्गम क्षेत्रों में संभव नहीं है क्योंकि जब तक भौगोलिक दृटि से महत्वपूर्ण ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर ज्यादा शक्ति के ट्रांसमिटर व डिश-एंटीना स्थापित नहीं किये जाते, तब तक शिमला केन्द्र से प्रसारित कार्यक्रम दूर-दराज के क्षेत्रों में संभव नहीं होंगे। इस स्थिति का दुप्रभाव इन क्षेत्रों की भोली-भाली जनता, कृाक व बागवानों पर पड़ रहा है। मैं इस समस्या को इस सदन में पहले भी उठाता आया हूँ।

मान्यवर, मेरा केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री से अनुरोध है कि शिमला जिले में स्थित " खड़ा पत्थर" नामक ऊंचे स्थान पर अधिक शक्ति का डिश एंटीना लगाया जाए जहां पहले ही माइक्रो वेव का टावर लगा है। इसी प्रकार रोहडू क्षेत्र में " सीमा बडियारा " व अर्की क्षेत्र में " कठपोल टिब्बा" पर ट्रांसमीटर लगाने की आवश्यकता है। ऐसा करने से वहां के वंचित कृाक व बागवान वर्ग टी.वी. अवलोकन का पूरा लाभ उठा सकेंगे।